This Bill was introduced in Rajya Sabha as far back as 27th July, 1992. More than four years have elapsed already and the Bill is now before us for final consideration and passing. What is surprising me, and I think everybody else in the House, is that the amendment to section 28 of the Indian Contract Act was necessitated on account of the recommendations made by the Law Commission's report which it made in 1984. The exact date is 6th April, 1984 when the 97th report of the Law Commission of India was submitted. Thereafter, the Ministery of Law took more than four years to come forward saying that it had accepted the recommendations of the Law Commission in principle.

Prior to that even in this august House an Unstarred Question was put and the Government of India had given an assurance that they would come forward soon with an amendment. They took more than four years to accept the recommendations, that too in principle. Thereafter, I feel rather sorry to say that the Government of India did not fulfil the assurance that the Minister had given to this august House. It was only in 1991 that the Committee on Government Assurances summoned the Department of Justice and Legal Affairs and it was only thereafter that the process, in fact, started. Ultimately, way back in 1992, the Cabinet approved the amendment and, thereafter, in 1994 the Bill was presented.

Madam, I have given these dates delibrately to show how casually the Government of India took this amendment. Even in the objects of the Bill that have been mentioned by the hon. Minister, it has been said, "It is felt that Section 28 of the Indian Contract Act, 1872 should be amended as it harms the interests of the consumers dealing with big corporations and causes serious hardship to those who are economically disadvantaged". The Standing Committee also said in its report, "It harms the interests of the consumers dealing with big corporations and causes serious hardship to those who are economically disadvantaged". Who are those people—the big corporations, the MNCs, the economically disadvantaged people or the people at large? Most of the people that are going to be benefited by this amendment are the poor people, the common people, middle class people. Madam, many of our people take insurance policies. It may be life insurance, insurance against accidents or other policies. Because of non-implementation of Section 28, these people have been put to a great disadvantage; And the people who have got the advantage because of this are the big corporations, the MNCs and the insurance companies. Section 28 has certainly put a distinction between the remedy and the right. It will certainly give advantage to the weaker sections and the people at large. What I want to emphasise is that the Government had taken this amendment in a very casual manner. It is now more than 12 years that the Law Commission's report was presented and today this Bill has come for final consideration. I would not like to add more to the delay in the passing of the Bill. So, with these remarks, I conclude.

SHRI SANATAN BISI (Orissa): Madam, the Bill has already been delayed. I would only like to make a small submission to the hon. Minister. Since the Bill relates to economic justice, avoidance of hardship to the consumer, I would like to know whether there are certain impediments so far as Section 28 of the Indian Contract Act is concerned...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI KAMLA SINHA): Mr. Bisi, It is 2.30, and we have to take up Private Members' Business. I know that you have just started your speech, but you will continue your speech next time.

SHRI SANATAN BISI: Thank you, Madam.

THE VICE-CHAIRMAN (Shrimati Kamla Sinha): Mr. Minister, now we have to take up Private Members' Business. Shrimati Anandiben Jethabhai Patel is to speak on Resolution No. 1.

PRIVATE MEMBERS' RESOLUTION

RE: Free and Compulsory Education for children up to the age of 14 Years.

श्रीमती आनन्दीबेन जेठाभाई पटेल (गुजरात): उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं निम्नलिखित संकल्प उपस्थित करती हूं कि:–

इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि हमारे संविधान के

नीति निर्देशक सिद्धान्तों में 14 वर्ष की आयु तक के सभी बच्चों के लिए नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान किया गया है लेकिन स्वतंत्रता के 50 वर्षों के बाद भी इस संबंध में सरकार के उदासीन और उपेक्षित दृष्टिकोण के कारण हमारे देश में लाखों बच्चे प्राथमिक शिक्षा से भी वंचित हैं और इसलिए आज हम पाते हैं कि:-

(i) देश में विशेषकर ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्रों में प्राथमिक और माध्यमिक सरकारी स्कूलों की संख्या अपर्याप्त है;

(ii) तेजी से बढ़ रहे गैर सरकारी संस्थानों/स्कूलों, जो कि प्राथमिक स्तर पर ही भारी शिक्षण शुल्क और चंदा ले रहे हैं, पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है जिसके परिणामस्वरूप शिक्षा के स्तर में भारी असमानता व्याप्त हो गई है तथा गरीब और यहां तक कि मध्यमवर्गीय समाज के माता पिता भी अपने बच्चों को इन स्कूलों में भेजने में असमर्थ हो गये हैं; और

(iii) प्राथमिक शिक्षा प्रदान करने वाले गैर-सरकारी संगठनों को उचित सहायता/प्रोत्साहन की कमी है,

यह सभा वर्तमान स्थिति को गंभीरता से नोट करती है और सरकार से आग्रह करती है कि वह यह सुनिश्चित करने के लिए तत्काल उपचारी उपाय करे कि इस देश का प्रत्येक बच्चा हमारे संविधान की भावना के अनुसार नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा प्राप्त करे।

उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं आपका आभार व्यक्त करती हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया है।

मैं सदन का और सरकार का ध्यान देश की एक गंभीर समस्या की ओर आकर्षित करना चाहती हूं। आज गैर सरकारी सदस्यों के संकल्प में मेरा संकल्प आया है। मैं प्राथमिक शिक्षा की दयनीय स्थिति की ओर सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं।

महोदया, संविधान में 14 वर्ष की आयु तक के सभी बच्चों के लिए अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान किया गया है, लेकिन स्वतंत्रता के 50 वर्षों के बाद भी इस संबंध में सरकार का दृष्टिकोण उदासीन और उपेक्षित रहा है और इसी कारण देश के लाखों बच्चे प्राथमिक शिक्षा से वंचित रह रहे हैं। सरकार प्राथमिक शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराने में निष्फल हो गई है। सरकार का दायित्व है कि प्राथमिक शिक्षा में सुधार लाए। प्राथमिक शिक्षा को सफल बनाने के बारे में सरकार किस तरह निष्फल हुई है, वह मैं सरकार को और सदन को बताना चाहती हूं तथा अनिवार्य और नि:शुल्क प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए कुछ सुझाव भी देना चाहती हूं।

महोदया, भारतीय संविधान के अनुच्छेद 45 में कहा गया है कि 14 साल की आयु तक के सभी बच्चों के लिए नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा की व्यवस्था करना सरकार का दायित्व है। यह व्यवस्था संविधान के लागू होने से 10 वर्ष की अवधि में लागू हो जानी चाहिए थी, अर्थात सन् 1960 तक, लेकिन आज तक यह कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। 1986 में हमारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति बनाई गई तथा 1992 में कार्य योजना बनाई गई और फिर इस देश को वचन दिया गया कि 21वीं शताब्दी के प्रारम्भ होने से पूर्व 14 साल के सभी बच्चों को संतोषजनक स्तर की शिक्षा प्रदान की जाएगी। इसके लिए 8वीं पंचवर्षीय योजना में तीन बातों पर ध्यान केन्द्रित किया गया-बालकों और अनुसूचित जाति, जनजाति के बच्चों सहित सभी बच्चों के लिए शिक्षा का प्रबंध करना, एक किलोमीटर पैदल की दूरी तक प्राथमिक स्कूल की व्यवस्था करना, प्राथमिक शिक्षा बीच में ही छोड़ने वाले बच्चों, काम-काजी बच्चों तथा स्कूल में नहीं जाने वाले बच्चों के लिए अनौपचारिक शिक्षा की व्यवस्था करना और प्राथमिक स्कूलों में सुधार करना। अगर इस नीति को गंभीरता से लागू किया गया होता तो आज देश की 80 से 90 प्रतिशत जनता शिक्षित होती, लेकिन आश्चर्य की बात है कि आजादी के समय देश की जो जनसंख्या थी आज उससे ज्यादा जनसंख्या देश में निरक्षरों की है। सरकार आदर्शवाद के आधार पर अपनी शिक्षा नीति निर्धारित करती है, उसने देश की विशाल जनसंख्या और सीमित साधनों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया। एक ओर देश में बच्चों की संख्या बढ़ रही है, शिक्षकों की संख्या भी बढ़ रही है तो दूसरी ओर शिक्षा का सरकारी बजट लगातार घटता गया है।

शिक्षा मंहगी हो रही है। प्राथमिक शिक्षा की तरफ केन्द्र और राज्य सरकारों ने पर्याप्त ध्यान नहीं दिया है। प्राथमिक पाठशालाओं की संख्या 25 साल में 2 लाख बढ़ी है लेकिन इसके अनुपात में शिक्षकों की संख्या नहीं बढ़ी। पाठशालाओं की संख्या बढ़ती गई लेकिन सरकार के बजट में प्राथमिक शिक्षा पर होने वाला खर्च घटता गया। लोगों ने यह आशा की थी कि प्राथमिक शिक्षा पर जो धन व्यय किया जाता है, उसमें कोई कमी नहीं आएगी, उत्तरोत्तर धन की राशि बढ़ती जाएगी लेकिन सरकार ने हरेक पंचवर्षीय योजना में प्राथमिक शिक्षा के बजट का प्रतिशत घटा दिया है। पहली पंचवर्षीय योजना में शिक्षा के बजट का 58 प्रतिशत प्राथमिक शिक्षा के लिए रखा गया। दूसरी योजना में 35 परसेंट रखा गया। तीसरी योजना

में यह घटकर 25 परसेंट रह गया। चौथी योजना में 30 परसेंट रखा गया। फिर थोड़ा सा बढ़ाकर पांचवीं योजना में 32 परसेंट रखा गया और छठी योजना में 36 परसेंट रखा गया। इस तरह से प्राथमिक शिक्षा पर जो खर्च करना चाहिए, वह नहीं होता है। इसकी वजह से ये सारी बीमारियां बढ़ी हैं।

महोदया, प्राथमिक शिक्षा के लिए जो धन दिया जाता है, उसमें से 95 प्रतिशत धन शिक्षकों के वेतन और प्रशासन में खर्च हो जाता है। जो कुछ बचता है उसमें से स्टेशनरी का खर्च, घूमने-फिरने का खर्च, खेल-कूद का खर्च, वैज्ञानिक उपकरण खरीदने का खर्च, चार्ट्स का खर्च निकाला जाता है। पर चूंकि धन की कमी रहती है इसलिए न वैज्ञानिक उपकरण खरीदे जाते हैं, न खेल-कूद की व्यवस्था पाठशालाओं में होती है।

महोदया, सरकार ने प्राथमिक शिक्षा का खर्च कम तो कर दिया लेकिन दूसरी ओर माध्यमिक, तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा का खर्च बढ़ा दिया। प्राथमिक शिक्षा के खर्च को काटकर इसमें लगाया गया है। मेरी समझ में नहीं आता कि प्राथमिक शिक्षा के खर्च को काटकर इसमें क्यों लगाया गया है? प्राथमिक शिक्षा पूर्ण होने के बाद ही माध्यमिक शिक्षा और तकनीकी शिक्षा की शुरूआत होती है। महोदया, भारत में शिक्षा राजनीति का शिकार बन चुकी है। शिक्षा की व्यवस्था करना, स्कूल चलाना पहले कर्तव्य समझा जाता था लेकिन अब यह एक व्यवसाय बन चुका है। शिक्षा को पैसा कमाने का साधन मान लिया गया है। प्राइवेट स्कूल खूब चल रहे हैं। वहां हजारों रुपए डोनेशन देकर बच्चों को प्रवेश दिया जाता है। ऐसे भ्रष्ट स्कूलों को बंद करने का साहस किसी में नहीं है। स्कूल तो सिर्फ कागज पर भी चलते हैं। पंचायतों और नगरपालिकाओं पर इन स्कूलों के भवनों की देखभाल की जिम्मेदारी है लेकिन धन के अभाव में भवन गिर जाने से बच्चे मारे भी जाते हैं। महोदया, हमारे देश की जनसंख्या 92 करोड़ से अधिक है और इसमें 14 साल से कम उम्र के बच्चों की संख्या लगभग 30 करोड़ है। सरकार का दावा है कि 98 प्रतिशत बच्चे प्राथमिक शिक्षा लेते हैं लेकिन यह दावा गलत है। वास्तविक यह है कि प्राथमिक पाठशालाओं में जाने वाले बच्चों की संख्या 12 करोड़ से अधिक नहीं है। महोदया, 1993-94 में एक सरकारी रिपार्ट में उनकी संख्या 10 करोड़ 80 लाख दिखाई गई है। यानी 14 साल से कम उम्र वाले बच्चे स्कूल से बाहर हैं। सरकार को 1960 तक यह लक्ष्य पूर्ण कर लेना चाहिए था लेकिन सरकार इसमें भी विफल रही है। अब इस सदी के अंत तक या अगली सदी के 5 वर्षों में सरकार पूरे देश को साक्षर बनाने का दावा कर रही है।

मैडम, 1986 में हमारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति बनी और इसमें 1992 में कुछ सुधार किया गया। देश के 14 साल की उम्र के सभी बच्चों को प्राथमिक शिक्षा और निःशुल्क शिक्षा अनिवार्य रूप से देने का प्रावधान था लेकिन आज तक सरकार सभी बच्चों को शिक्षा नहीं दे सकी है इसके कई कारण हैं। प्राथमिक शिक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में साधन होने चाहिएं। क्या स्कूल के भवन पर्याप्त संख्या में हैं? वर्ग खण्ड में बच्चे बैठ सकें क्या ऐसा है? वर्ग खण्ड की छत ठीक-ठाक है? बारिश के समय पर पानी छत में से गिरता है तो चार मास तक स्कूल बन्द हो जाते हैं। चालीस साल से स्कूलों की मरम्मत किसी ने नहीं की है। गुजरात में भाजपा की सरकार के समय में नये वर्ग खण्ड बनाने के लिए बजट में लाखों रुपये रखे गये हैं। पाठशालाओं में क्लर्क और प्युन नियुक्त करने की कोई आवश्यकता सरकार को नहीं लगती है? पाठशालाओं में क्लर्क नहीं होने से सारा काम शिक्षकों को करना पड़ता है जिसकी वजह से शिक्षण कार्य पर प्रभाव पड़ता है और पाठशालाओं में शिक्षा कम होती है। इससे दुगुना नुकसान हो रहा है। सरकार को पाठशाला और पाठशाला के मैदान की सफाई के लिए और अन्य कार्य करने के लिए प्युन की कोई आवश्यकता नहीं पड़ती है। प्युन के अभाव में यह कार्य भी शिक्षक कर रहे हैं। पाठशालाओं में कम्पाउन्ड न होने से और सिक्योर्टी की कोई व्यवस्था न होने से रात के समय पाठशालाएं धर्मशालाओं में बदल जाती हैं। पाठशालाओं में असामाजिक प्रवृत्तियां चलती रहती हैं। वहां पर गाय-भैंस बैठी रहती हैं। वहां पर जुआ और दारू के अड्डे शुरू हो जाते हैं, वहां पर तोड़-फोड़ होती है, चोरी होती है।

मैडम, केन्द्र सरकार ने प्राथमिक पाठशालाओं में टी. वी. और रेडियो भेज दिये हैं। दोपहर के समय टी.वी. और रेडियो पर शैक्षणिक कार्यक्रम इसलिए आते हैं कि उन्हें बच्चे देख सकें। लेकिन आप वहां पर रेडियो और टी.वी. का सर्वे कीजिए। आप देखेंगे कि कई स्कूल ऐसे हैं जहां से रेडियो और टी.वी. गायब हो गये हैं। पाठशालाओं में टी.वी. और रेडियो चलाने के लिए बिजली चाहिए तो जब गांवों में ही बिजली नहीं होती हैं तो बिजली के ये साधन कैसे चल सकते हैं? यदि वहां पर बिजली है तो इलेक्ट्रिक फिटिंग का खर्च सरकार ने नहीं दिया है और यदि बिजली की फिटिंग पाठशाला में करवाते हैं तो बिजली का बिल कोई नहीं देता है। पाठशालाओं में टी.वी., रेडियो देते समय क्या सरकार ने इसके ऊपर विचार नहीं किया था कि बिजली कहां से आयेगी, बिजली का बिल कौन भरेगा? इन साधनों को रखने के लिए अलग वर्ग खण्ड की जरूरत पड़ेगी, क्या हम इसके बारे में भी नहीं सोच

सकते? स्कूलों में बिना सोचे रेडियो और टी.वी. दे दिया और अब वे बेकार हालत में स्कूलों के रूमों में पड़े हुये हैं।

मैडम, छोटे-छोटे बच्चे सुबह 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक पाठशालाओं में रहते हैं लेकिन पाठशालाओं में पेशाबघर, पायखाना नहीं हैं। बच्चे एक बार पाठशाला में आ गये तो पाठशाला के बाहर नहीं जा सकते हैं। मैडम, कपार्ट की योजना यूरिनल और टायलेट बनाने की है लेकिन अभी तक उस पर कार्य शुरू भी नहीं हुआ है। यूरिनल और पाखाना का हर पाठशाला में प्रबन्ध होना चाहिए। पाठशालाओं में शुद्ध पीने का पानी नहीं मिलता है। जब गांव में शुद्ध पीने का पानी नहीं है तो पाठशालाओं में शुद्ध पानी कहां से आयेगा? पाठशाला में मध्याह्न के समय भोजन की योजना चलाई है लेकिन भोजन के बाद पीने का पानी नहीं मिलता है और बच्चे पानी पीने के लिए घर पर जाते हैं और फिर वापस पाठशाला में नहीं आते हैं। इससे शिक्षा पर बुरा प्रभाव पड़ता है।

इसके अलावा हर पाठशाला में ब्लैक बोर्ड, पुस्तकालय, बैंच, शिक्षकों के लिए कुर्सी, टेबल, पंखा, प्रार्थना के लिए माइक, बच्चों के लिए गेम्स के साधन, यूनिफार्म, घड़ियाल, घंटी, सरस्वती की मूर्ति और प्रार्थना के समय बच्चों के लिए चटाई जैसे कई चीजों की आवश्यकता होती है। आप सोचिये क्या ये सब चीजें स्कूलों में उपलब्ध हैं? बच्चों को भविष्य में हम भारत के सच्चे नागरिक बनाना चाहते हैं, राष्ट्रीयता के संस्कार देना चाहते हैं मानसिक, शारीरिक और सामयिक दृष्टि से बच्चों को स्वस्थ बनाना चाहते हैं तो पाठशालाओं में इसका वातावरण बनाना होगा। यह सोचने की बात है कि प्रार्थना बिना माइक के कैसे हो सकती है? अगर पाठशालाओं में अच्छी प्रवृत्ति नहीं होगी तो बच्चे कहां से अच्छे संस्कार प्राप्त कर सकेंगे?

प्राथमिक शालाओं में सुविधा कैसी है और कैसी होनी चाहिए, इस पर एक सर्वेक्षण हुआ है।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा) : आनन्दीबेन जी, एक मिनट के लिए मैं सदन की अनुमति लेना चाहूंगी क्योंकि मुझे वीमेन्स रिजर्वेशन बिल की ज्वांइट सिलेक्ट कमेटी में जाना है। सदन की अगर अनुमति हो तो माननीय सदस्य श्री सनातन बिसि को मैं चेयर पर बैठा दूं?

कुछ माननीय सदस्य : एग्रीड।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती कमला सिन्हा) : थैंक्यू, सो मच।

(उपसभाध्यक्ष (श्री सनातन बिसि) पीठासीन हुए)

श्रीमती आनन्दीबेन जेठाभाई पटेल : प्राथमिक स्कूलों में सुविधाएं कैसी होनी चाहियें और आज कैसी हैं, इसका एक सर्वेक्षण हुआ है। उसी सर्वेक्षण की रिपोर्ट मैं सदन के सामने रखना चाहती हूं। जब यह रिपोर्ट आपके समक्ष आई है तो इसे देखकर हमको प्राथमिक शिक्षा की दशा की अनुभूति होगी। सर्वेक्षण के अनुसार पूरे देश में 9 परसेंट स्कूल ऐसे हैं जिनके पास अपना कोई भवन नहीं है। ज्यादातर ऐसे स्कूल पंजाब, बिहार, उत्तर प्रदेश और उड़ीसा में हैं। इनमें से केवल 58.5 स्कूलों में ब्लैक बोर्ड की व्यवस्था है अन्य स्कूलों में ब्लैक बोर्ड की भी व्यवस्था नहीं है। 72 परसेंट स्कूलों में पुस्तकालयों की सुविधा भी नहीं है। 70 परसेंट स्कूलों में पेशाबघर व शौचालय भी नहीं है। 49 परसेंट स्कूलों में पीने के पानी की सुविधा भी देना बाकी है। 30 परसेंट विद्यालयों के भवन अच्छे थे अन्य विद्यालयों के स्थान प्रदूषित वातावरण में, कोलाहलपूर्ण वातावरण में थे, वायु व प्रकाश की कमी थी, फर्नीचर पर्याप्त मात्रा में नहीं था। गांवों में समस्या अत्यन्त कठिन है। वहां अधिकतर स्कूल ऐसे हैं जहां दिन में पढ़ाई होती है और रात को प्रधान या सरपंच के बैल बांधे जाते हैं। विद्यालय मौसम की दया पर खुलते हैं या बन्द होते हैं। बारिश के मौसम में या सर्दी के मौसम में बन्द रहते हैं। ऐसी स्थिति में हमारे बच्चे कैसी पढ़ाई कर सकते हैं, वह हम अच्छी तरह से समझ सकते हैं।

आगे मेरा यह कहना है कि कई बालक-बालिकाएं स्कूल में भर्ती ही नहीं होते हैं, यदि भर्ती होते भी हैं तो बीच में ही शिक्षा को छोड़ देते हैं। सातवीं श्रेणी तक पढ़ने के बाद भी पढ़ना-लिखना आता ही नहीं है। बच्चों को पढ़ाई के समय कई कठिनाइयां आती हैं। इन कठिनाइयों का संबंध खासकर के ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों से है। राजस्थान जैसे रेतीले प्रदेश में शाला बहुत दूर होती है, कश्मीर, गढ़वाल और हिमाचल प्रदेश जैसे पर्वतीय क्षेत्रों में शालाएं बहुत दूर होती हैं। असम, मध्यप्रदेश और दक्षिण भारत के घने वनों के क्षेत्रों में अल्प-संख्यक सुदूर गांवों में रहते हैं। इन सभी क्षेत्रों में यातायात के साधनों की कमी है, मार्ग सुरक्षित नहीं होते हैं, मौसम प्रतिकूल होता है। कभी अधिक वर्षा या ठंड होती है। अल्प संख्या वाले क्षेत्रों में प्राथमिक विद्यालय न होने से माता-पिता अपने लाडले बच्चों को विद्यालयों में भेजते ही नहीं हैं। गरीब मां-बाप अपने बच्चों को विद्यालयों में नहीं भेजते हैं लेकिन कार्य करने के लिए भेजते हैं जिससे आर्थिक सहायता परिवार को मिले। बच्चे खेतों में मजदूरी करते हैं। जब तक उनके माता-पिता की गरीबी दूर नहीं होती तब तक हमारा अनिवार्य शिक्षा का सपना पूरा नहीं होगा, साकार नहीं होगा।

स्कूलों में फीस माफ है लेकिन फीस के अलावा पुस्तकें खरीदने में, नोट-बुक खरीदने में, पैंसिल खरीदने

में और यूनिफॉर्म बनाने में खर्चा तो होता ही है। जिस परिवार को खाने के लाले पड़ रहे हैं, ऐसे परिवार अपने बच्चों को शाला तक कैसे भेज सकते हैं। समाज में कई कुरीतियां फैली हुई हैं जिससे शिक्षा का प्रसार कम होता है जैसे कि बाल विवाह, जाति प्रथा, बालिकाओं की शिक्षा के प्रति उदासीनता, सहशिक्षा को बुरा मानना, अस्पृश्यता, धार्मिक दृष्टिकोण और रूढ़िवादी आदि। छोटी आयु में विवाह हो जाने से बच्चे बीच में ही पढ़ाई छोड़ देते हैं। कट्टर जातिवादी लोग अपने बच्चों को निम्न जाति के बच्चों के साथ पढ़ाना ही नहीं चाहते हैं। बालिकाओं को घर-गृहस्थी करनी है, पढ़ने की जरूरत नहीं है। विवाह हो जाने के बाद वह दूसरे घर चली जायेगी तो उसको पढ़ाने की क्या आवश्यकता है?

कई लोग रूढ़िवादी होने से बच्चों को स्कूल में ही नहीं भेजते हैं। कई माता-पिता अनपढ़ होने से शिक्षा का महत्व नहीं समझते। आज भी ऐसे परिवार हैं जहां महिलाओं को घरों की चार-दीवारी से बाहर कदम रखने की इजाजत नहीं है। तो ऐसी महिलायें और ऐसे परिवार अपने बच्चे-बच्चियों को स्कूल कैसे भेज सकते हैं? वे उनको भेजने के लिए मना करते हैं। हरिजन और आदिवासी महिलाओं के बीच अनपढ़ों की संख्या ज्यादा है। लगभग 95 प्रतिशत महिलायें इनके बीच निरक्षर हैं। भारत सरकार अभी तक अपना ध्यान प्राथमिक शिक्षा की तरफ केंद्रित नहीं कर सकी है। आजादी के बाद भारत सरकार किसी न किसी समस्या में उलझी हुई रही है। कश्मीर की समस्या, शरणार्थियों की समस्या, खाद्यान्न की समस्या, साम्प्रदायिक दंगा, मुद्रा अवमूल्यन, चीन और पाकिस्तान के साथ हुए युद्ध से उत्पन्न समस्या, असम और पंजाब में आतंकवाद की समस्या, ऐसी कई समस्याओं को हल करने में सरकार व्यस्त रही और सरकार प्राथमिक शिक्षा की ओर ध्यान नहीं दे पाई। हमारी शिक्षण पद्धति पुरानी हो गई है, रस-हीन हो गई है। गणित और विज्ञान पढ़ाने के लिए नये तरीके ढूंढने की बात भी अनदेखी की जा रही है। साथ ही साथ भाषा की समस्या भी है। एक ही क्षेत्र में अगल-अलग भाषा बोलने वाले बच्चे रहते हैं। ऐसे बच्चों के लिए अलग अलग विद्यालय शुरू नहीं किए जाते हैं। बीच में पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चों की संख्या 77 प्रतिशत है। पहली कक्षा में 100 बच्चे होते हैं तो आखिरी कक्षा तक 35 ही बच्चे पहुंच सकते हैं। प्राथमिक शिक्षा में अपव्यय और अवरोधन ज्यादा होने से प्राथमिक शिक्षा अनिवार्य करने में कठिनाई आती है। लेकिन अगर सरकार चाहे तो इन कठिनाइयों का हल हो सकता है।

अब मैं सदन का ध्यान बालिका शिक्षा के बारे में आकर्षित करना चाहती हूं। हमारे लिए बालिकाओं की शिक्षा एक गंभीर विषय है। सरकार का रवैया बालिका शिक्षा की ओर सौतेली मां जैसा रहा है। बालिका-शिक्षा की सरकार ने कोई चिंता नहीं की। एक बालिका पढ़ेगी तो दो परिवारों को फायदा होगा। 1991 के आंकड़ों के हिसाब से 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के सात करोड़ बच्चे स्कूल में गए ही नहीं है। 6 से 11 आयु वर्ग के बच्चों का यह आंकड़ा पांच करोड़ है। इसमें पौने तीन करोड़ बालिकायें हैं। प्राइमरी स्तर पर बालिकाओं का ड्राप आउट 65 से 70 प्रतिशत है और लड़कों का 30 प्रतिशत है। इतने बालक और बालिकायें बीच में से पढ़ाई छोड़ देते हैं। भारत में महिलाओं की संख्या कुल जनसंख्या का 50 प्रतिशत है। अगर उच्च शिक्षा की बात करें तो पुरुषों से तीन गुना ज्यादा महिलायें अनपढ़ है। देश में सात करोड़ पुरुष ऐसे हैं जो अनपढ़ हैं और 19 करोड़ 17 लाख महिलायें ऐसी हैं जो अनपढ़ हैं। विडम्बना तो देखिए कि एक ओर तो अनपढ़ महिलाओं की फौज है और दूसरी तरफ सरकार द्वारा महिलाओं के लिए रोजगार में आरक्षण की घोषणा की जा रही है। महिलाओं को राजनीति में 33 प्रतिशत आरक्षण देने की बात है। लेकिन ग्रामीण बालिकायें स्कूलों में भर्ती ही नहीं हो पातीं। ऐसा विरोधाभास देखने को मिल रहा है। जब हम इक्कीसवीं सदी में जाने की बात कर रहे हैं तब भी भारत में महिलाओं की स्थिति ऐसी ही है। ऐसे में बालिकाओं की स्थिति कैसे सुधरेगी?

घर के प्रवेश द्वार में प्रवेश करते समय आधा शरीर अंदर और आधा शरीर बाहर, ऐसी स्थिति महिलाओं की हो गई है। साक्षर पुरुष तो लाभ उठा पायेंगे अनपढ़ महिलायें इस लाभ से वंचित रह जायेंगी। महिलाओं की शिक्षा की चिंता सरकार को करनी होगी। बालिका शिक्षा पर सरकार और समाज का विशेष ध्यान देना होगा। बालिका शिक्षा के लिए मैं कुछ सुझाव देने जा रही हूं।

प्राथमिक स्कूलों के शिक्षको के बारे में मैं सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं। प्राइमरी स्कूलों में प्रशिक्षित शिक्षक 1950 में 58.8 थे, 1960 में यह बढ़कर 64.8 हुए, 1970 में 76.9 हुए और 1980 में 89.9 हुए। उपरोक्त आंकड़े बताते हैं कि प्रशिक्षित शिक्षकों की संख्या में वृद्धि हुई है। 1980 तक प्रशिक्षित शिक्षकों की संख्या 21.7 लाख थी लेकिन आज ऐसे शिक्षकों की संख्या 44 लाख है। इतनी ज्यादा बढ़ गई है। क्या योग्य व्यक्ति प्राथमिक स्कूलों में पढ़ाना पसंद करेंगे? क्या हमारी राज्य सरकारें उनकी सेवा और वेतनों को सुधारने का प्रयत्न करेंगी? आज प्राथमिक शिक्षक उपेक्षित हैं। इन शिक्षकों का शोषण हो रहा है। ऐसी स्थिति में शिक्षक कैसे शिक्षण कार्य कर सकता है। शिक्षक पढ़ाता कम है और ट्यूशन ज्यादा करता है और उसके पास जो समय बचता है उसमें

वह राजनीति भी कर लेता है। ऐसी स्थिति में हम शिक्षकों से क्या अपेक्षा रखेंगे? महोदय, मैं आपको बताना चाहती हूं कि शिक्षक शिक्षण कार्य के अलावा क्या कार्य करता है और हमारी सरकार शिक्षकों से कैसे कार्य करवा रही है। महोदय, प्राथमिक शाला के शिक्षकों को शिक्षण कार्य के अलावा अन्य कई कामों में लगाया जाता है। जैसे कि चुनाव की ड्यूटी कराना, कुटुम्ब कल्याण के लिए पेशेंट लाना, गांवों में पशुओं की गिनती के लिए उन्हें भेजना, मलेरिया की गोलियां वितरित करना, पोलियो जैसे रोग के कार्यक्रम में भाग लेना, पौष्टिक आहार वितरित करना और एडल्ट एजूकेशन में भी शिक्षकों को लगाया जाता है। आप बतलाइए शिक्षक कब शाला में जाएगा और शिक्षण कार्य कब करेगा, अभ्यास कब करेगा? इसके लिए उसके पास समय ही नहीं है। शिक्षकों की बड़ी दयनीय स्थिति है। शिक्षकों से सरकार सभी काम करवा रही है। शिक्षकों की इच्छा के विरूद्ध सारे काम कराए जाते हैं। केन्द्र सरकार को इसे देखना चाहिए और शिक्षकों को इन कामों से मुक्त करवाकर उनसे सिर्फ बच्चों की पढ़ाई करवानी चाहिए। क्या केंद्र सरकार ऐसी इच्छा रखती है कि इस काम के लिए युवक-युवतियों को तैयार किया जाए? हमारे देश में ऐसे युवक लाखों की तादाद में हैं जो बेकार हैं। ऐसे युवकों को इन कामों में लगाना चाहिए।

सरकार की ओर से प्रति विद्यार्थी 4 रुपया ग्रांट मिलती है। यह 4 रुपया ग्रांट जो मिलती है इसमें से जो अधिकारी-गण वहां आते हैं उनके डी.ए. और टी.ए. में भी इसका इस्तेमाल होता है। इसी में से उनके लिए निकालना पड़ता है। इसलिए यह ग्रांट पर्याप्त नहीं है। यह ग्रांट प्रति विद्यार्थी कम से कम 15 रुपया देने की आवश्यकता है।

सर, राज्यों में जो आश्रमशालायें हैं, उनकी ओर मैं आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहती हूं। कई राज्यों में बहुत तादाद में आदिवासी छात्र हैं। इन आदिवासी छात्रों के लिए आश्रमशालायें चलती हैं। लेकिन कई आश्रमशालायें सिर्फ कागज पर है। गुजरात में कई ऐसी आश्रमशालायें जो कागज पर थीं, उनको ढूंढकर बंद करवाया है और उन पर कानूनी कार्यवाही चल रही है।

लाखों रुपये ग्रांट के सरकार के बचे रहते हैं। आश्रमशालायें चलाने में व्यापक रूप से भ्रष्टाचार हो रहा है खास करके बालिकाओं के लिए जो आश्रमशालायें चलती हैं उनमें बालिकाओं के शरीरिक उत्पीड़न और शरीरिक शोषण की शिकायतें पेपरों में आती रही हैं। सामाजिक संस्थाओं से भी आती रही हैं। आश्रमशालाओं के ट्रस्टी कैसे हीन कार्य बालिकाओं से करवाते हैं जब वह सुनते हैं तब सिर शर्म से झुक जाता है। मैं इस विषय में आपके समक्ष दो घटनाएं रखना चाहती हूं। मैं भी वहां पर गई थी और पूरी इन्क्वायरी की थी। दो साल पूर्व गुजरात में ऐसी दो शर्मनाक घटनाएं आदिवासी महिलाओं के साथ, बालिकाओं के साथ घटी। दोनों के केस अभी कोर्ट में चल रहे हैं। तीन बच्चियों को ज़हर पिला दी गई थी या उन्होंने ज़हर पी ली थी, यह तो कोर्ट तय करेगी लेकिन यह सच है कि ऐसी तीन बच्चियां जो प्राथमिक शाला में पढ़ती थीं वह बच्चियां ज़हर की वजह से खुदा को प्यारी हो गई थीं। 14 साल की एक बालिका ने मृत बच्चे को जन्म दिया था। यह केस भी कोर्ट में चल रहा है:। आश्रमशालाओं में शिक्षण कार्य चलता है या वैश्यावृत्ति चलतो है, यह मैं पूछना चाहती हूं ? शिक्षण कार्य आश्रमशालाओं में चलता है या वैश्यावृत्ति चलती है, यह प्रश्न आम समाज भी पूछ रहा है। अधिकारियों की सांठ-गांठ से इस प्रकार के ट्रस्टी छूट जाते हैं। सरकार की नीयत अच्छी है। स्कूल दूर होने के कारण, यातायात की सुविधा नहीं होने के कारण बच्चे स्कूल नहीं जाते थे। ऐसे बालकों और बालिकाओं के लिए आश्रमशालायें शुरू की गई जहां अपने व्यवसाय के साथ-साथ पढ़ाई भी होती है। पढ़ाई का खर्च सरकार की ओर से दिया जाता है। बच्चे कम होते हैं लेकिन कागज़ों पर ज्यादा बच्चे दिखा कर सरकार की और से ग्रांट ले लेते हैं। आश्रमशालायें भ्रष्टाचार का साधन बन चुकी हैं। इसमें शिक्षकों की स्थिति भी गम्भीर है। वेतन बहुत कम मिलता है और उनका शोषण ज्यादा होता है। आश्रमशालायें चलाने का उद्देश्य प्राप्त नहीं हुआ है। ऐसी आश्रमशालाओं की जांच करने की आवश्कता है। करोड़ों रुपयों की ग्रांट सरकार बचा सकती है। जो आश्रमशालायें अच्छी चलती हैं उनको प्रोत्साहित किया जाना चाहिये, ज्यादा सुविधाएं दी जानी चाहिये। जो कागज़ी आश्रमशालायें हैं, ग्रांट ले कर हज़म कर जाते हैं, उनको हिम्मतपूर्वक बन्द कर देना चाहिये। सरकार से यह कदम उठाने के लिए मैं अनुरोध करती हूं। जहां उत्पीड़न और शोषण की शिकायतें मिलती है वहां जांच करवा कर दण्डित करना चाहिये।

उपसभाध्यक्ष महोदय, अब मैं आपका ध्यान प्राथमिक शालाओं में चलती मध्याह्न भोजन योजना की ओर दिलाना चाहती हूं। मध्याह्न भोजन योजना इसलिए शुरू की गई थी कि दलित और गरीब बच्चे आकर्षित हो कर शाला में आएं, शाला में बच्चों की संख्या बढ़े, अनिवार्य शिक्षा का हमारा उद्देश्य पूर्ण हो। दुनिया के अन्य देशों में भी बच्चों को भोजन देने की परम्परा है क्योंकि वहां शाला सुबह 8 बजे से शुरू होती है और शाम को 4 बजे तक चलती है। इसलिए बच्चों को लंच देने की जरूरत पड़ती है। भारत में

शालाओं का समय 11 बजे से पांच बजे तक होता है। बीच में लंच की आवश्यकता नहीं है। फिर भी यदि हम चाहते हैं कि नाश्ता देना जरूरी बनता है तो इसके लिए बच्चों को फूड पेकेट देने चाहिये। इसके लिए हर राज्य में न्यूट्रिशन प्लांट शुरू करने चाहिये। शाला में अभ्यास के लिए पर्याप्त संख्या में वर्गखंड नहीं हैं तो मध्याह्न भोजन के लिए अलग वर्गखंड कहां से लाएंगे? भोजन वर्गखंड में ही बनता है जहां हमारे बच्चे पढ़ते हैं। पानी की व्यवस्था भी नहीं होती है। शिक्षक भोजन बनवाते हैं, बच्चों को खिलाते हैं, इसमें व्यस्त रहते हैं । रिसेस तक यह भोजन की प्रक्रिया चलती रहती है। कई बच्चे भोजन नहीं करते। ऐसे बच्चों को देरी से शाला में माता-पिता भेजते हैं क्योंकि दो बजे तक भोजन चलता रहता है। यह प्रथा बन्द कर के बच्चों को फूड पेकेट देने चाहिये।

ऐसा मेरा अनुरोध है। कई प्राथमिक शालाओं में बाल मंदिर भी चलता है। प्राथमिक शालाओं के बच्चे जब भोजन करते हैं तब बाल मंदिर के बच्चे टुकुर-टुकुर भोजन लेते हुए बच्चों की ओर देखते रहते हैं। क्योंकि सरकार प्राथमिक शाला में मध्याह्न भोजन योजना चलाती है, बाल मंदिर में नहीं चलाती है। बाल मंदिर के बच्चों को भोजन नहीं मिलता है। सिर्फ दूर से देखना ही उनके भाग्य में लिखा गया है। कैसी हमारी मध्याह्न भोजन योजना है? सब से छोटे बच्चे को न्युटीशन की जरूरत है लेकिन उसको नहीं मिलता है। सरकार यह देखती है। लेकिन संविधान के मुताबिक वचनबद्धता से ऐसे बच्चों के लिए कुछ नहीं कर सकती है। गुजरात में जब भा.ज.पा. की सरकार बनी तब मध्याह्न भोजन योजना में सुधार किया गया। बच्चे स्कूल में आते थे। प्रति बच्चे को दस किलो अनाज दिया जाता था। यदि एक परिवार के तीन बच्चे होते हैं और स्कूल में तीनों बच्चे आते है। तो 30 किलो अनाज दिया जाता था। तीस किलो अनाज में से बच्चों को तो रोटी मिलती थी, साथ में परिवार को भी इसमें से रोटी मिलती थी। स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ी थी। बच्चे नियमित रूप से स्कूल में आने लगे थे क्योंकि जो बच्चा मजदूरी पर जाकर कमाता था उतना ही उसको दस किलो अनाज यहां मिलता था। माता-पिता भी बच्चों को मजदूरी करने के लिए नहीं भेजते थे बल्कि शाला में भेजते थे। लेकिन आज जो मध्याह्न भोजन योजना चल रही है उसको बंद करके बच्चों को फूड पैकेट देने की आवश्यकता है। इससे भोजन पकाने का समय बचेगा। शिक्षक मुक्त हो जायेंगे और पढ़ायी भी अच्छी तरह से होगी।

छठी पंचवर्षीय योजना के दौरान बच्चों के लिए अनौपचारिक शिक्षा का विचार किया गया था। जो बच्चे शाला में दाखिल नहीं होते थे और बीच में ही अध्ययन छोड़ देते थे ऐसे बच्चों के लिए यह प्रबन्ध किया गया था। आंकड़ों के अनुसार 1982-83 तक 68 हजार से अधिक केन्द्र खोले गए। इनमें 14.7 लाख विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया। आशा की जाती है कि 3 करोड़ 90 लाख बच्चे इसी पद्धति से शिक्षा पायेंगे। लेकिन ऐसी आशा निराशा में बदल सकती है। बच्चे प्रभावी शिक्षा प्राप्त नहीं करेंगे। मूल्यांकन में कठिनाइयां आ रही हैं ऐसी शिक्षा को लोग निम्न स्तरीय मानते हैं। बच्चों का सर्वांगीण विकास नहीं हो सकता। देश भर में हरेक स्टेट में प्राइवेट प्राथमिक शालाएं भी चल रही हैं। प्राइवेट प्राथमिक शालाएं कैसे चल रही हैं उसका भी मैं ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं। गुजरात सहित कई राज्यों में प्राइवेट प्राथमिक शालाएं शुरू हुई हैं। मोटे तौर पर ऐसी शालाएं शहरी क्षेत्रों में हैं। सरकार ग्रांट तो नहीं देती है। फीस से ऐसे स्कूलों का काम चलता है। वहां प्रवेश फ्री, प्रवास फ्री, सांस्कृतिक फ्री ट्यूशन ऐसी तरह-तरह की 6 महीने की फीस एक साथ ली जाती है प्रवेश तभी मिलता है जब डोनेशन दिया जाता है। ऐसे कई स्कूल हैं जो बिना डोनेशन प्रवेश ही नहीं देते हैं। यदि परिवार में दो-तीन बच्चे हैं तो 30 से 40 हजार डोनेशन परिवार कहां से लायेंगे? हर महीने फीस तो अलग होती है। अभी तो एक नया तरीका शुरू हुआ है कंप्यूटर सिखाने का और 6 माह की 400 रुपया फीस ली जाती है। पूरी कक्षा में 30 बच्चे या 50 बच्चे हैं तो सब को साथ में कंप्यूटर सिखाया जाता है और कंप्यूटर की संख्या 8 से 10 होती है। यह सीखना कंप्लसरी होता है। एक ओर मंहगाई बढ़ने से मध्यम वर्ग के आदमी को रोटी खाना मुश्किल है तो बच्चों की पढ़ाई का खर्च कहां से आएगा? प्राइवेट माध्यमिक शालाओं में शिक्षकों की स्थिति भी दयनीय है नियुक्ति के समय 50 हजार से एक लाख रुपये का डोनेशन लिया जाता है तब शिक्षक को नौकरी मिलती है। आप जानते हैं कि उसे सेलरी कितनी दी जाती है? चार सौ से पांच सौ रुपये सेलरी दी जाती है। शिक्षकों का शोषण होता ही रहता है। वर्ग खंड में 80 तक बच्चे होते हैं। बैठने की जगह भी नहीं होती है। ऐसी स्थिति में शिक्षक शिक्षण कार्य कैसे कर सकता है? शिक्षकों की मांग है कि हमें बैंक द्वारा सेलरी दी जानी चाहिए, लेकिन कोई ऐसा करना नहीं चाहता है। सरकार इस समस्या पर ध्यान नहीं देती है। बच्चों की जो फीस आती है, वह बैंक में इकट्ठी होनी चाहिए और उस में से शिक्षकों का वेतन और अन्य खर्च किया जाना चाहिए।

महोदय, हर साल स्कूलों की फीस बढ़ायी जाती है, लेकिन वेतन नहीं बढ़ता है। प्राइमरी स्कूल्स चलाकर मुनाफा कमाना एक व्यवसाय हो गया है। सुबह जिस

बिल्डिंग में सेकंडरी और हायर सेकंडरी स्कूल चलता है, उसी बिल्डिंग में दोपहर का प्राइवेट स्कूल्स चलते हैं। सेकंडरी और हायर सेकंडरी स्कूलों के लिए मकान का किराया ट्रस्टी को सरकार देती है। उसी मकान का किराया वही ट्रस्टी प्राइवेट स्कूल के प्रिंसीपल से लेकर भ्रष्टाचार भी करते रहते हैं।

उपसभाध्यक्ष (श्री सनातन बिसि) : मैडम, कंकलूड करिए।

श्रीमती आनन्दीबेन जेठाभाई पटेल: अन्य विकसित देशों की तुलना में भारत में प्राथमिक शिक्षा की स्थिति निराशाजनक, दिशाहीन और दयनीय है। अब भी स्कूलों में पूर्ण सुविधाएं - प्रशिक्षित शिक्षकों की पर्याप्त संख्या, पाठ्य-पुस्तकों को ठीक से तैयार करना, पढ़ाई के विविध तरीके अपनाना, योग्य व्यक्तियों को प्राथमिक शिक्षा की ओर आकर्षित करना, शिक्षकों का शोषण व उपेक्षा से छुटकारा दिलाना, नौकरीशाही को भ्रष्टाचार की चंगुल से छुड़ाना और संवैधानिक वचनबद्धता की दृष्टि से शिक्षक, समाज, माता-पिता, निरीक्षकों और प्रबंधकों को जवाबदेह बनाने की ओर ध्यान नहीं दिया गया तो देश में इतना तनाव होगा कि व्यवस्था बनाए रखना मुश्किल हो जाएगा।

महोदय, इस के लिए मैं कुछ सुझाव सदन के सामने रखना चाहती हूं। गांधीजी की बुनियादी शिक्षा पर आधारित समाज उपयोगी उत्पादक-कार्य के कार्यक्रम को अपनाना होगा। शिक्षकों को देहाती क्षेत्रों मे जाने के लिए प्रेरित करना होगा। उन्हें ज्यादा वेतन देना होगा और वहां रहने के लिए आवास सुविधा भी उपलब्ध करानी पड़ेगी। शिक्षण संस्थाओं में आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था जैसे कम-से-कम दो बड़े कमरे हों, आवश्यक खिलौने, ब्लैक बोर्ड, मानचित्र, चार्ट तथा वैज्ञानिक उपकरण आदि पर्याप्त संख्या में प्रत्येक प्राथमिक शाला में होना आवश्यक है। प्रत्येक विद्यालय में कम-से कम दो शिक्षक हों जिन में एक महिला हो। एक शिक्षक एक कक्षा के आधार पर शिक्षकों का प्रबंध होना चाहिए और जल्द ही होना चाहिए। बीच में स्कूल छोड़नेवाले बच्चों, जहां कोई प्राथमिक स्कूल नहीं है वहां के बच्चों तथा जो बच्चे कार्यरत होने से स्कूल नहीं जा सकते, उन सब बच्चों के लिए अनौपचारिक शिक्षा का प्रबंध क्रमबद्ध होना चाहिए। मोबाइल हॉस्पीटल और मोबाइल लायब्रेरी की तरह मोबाइल स्कूल्स की व्यवस्था भी ऐसे बच्चों के लिए कर सकते हैं। शिक्षा बाल केन्द्रित तथा क्रिया आधारित बनानी चाहिए। शारीरिक दण्ड नहीं दिया जाना चाहिए तथा बच्चों की सुविधा के आधार पर छुट्टियों का भी प्रबंध करना होगा। किसी बच्चे को एक ही वर्ग में नहीं रोका जाना चाहिए। हर जिले में एक प्रशिक्षित संस्था होनी चाहिए जोकि शिक्षकों की सेवा-पूर्व तथा सेवा दरमियान शिक्षा और प्रशिक्षण की व्यवस्था करे। अनौपचारिक शिक्षा की व्यवस्था स्वैच्छिक संस्थाओं एवं पंचायती राज की संस्थाओं द्वारा की जाए और सरकार की ओर से पर्याप्त मात्रा में धन सही समय पर दिया जाना चाहिए। प्रत्येक राज्य अपने कुल राजस्व का दस प्रतिशत प्राथमिक शिक्षा पर व्यय करे और इतनी ही मात्रा में केन्द्र सरकार व्यय करे। विद्यालय भवनों का पूरा उपयोग करने के लिए दोहरी पाली में विद्यालय चलाए जाएं। शिक्षा के लिए दिए जाने वाले दान की राशि को आयकर राशि से मुक्त किया जाना चाहिए। राज्य सरकारों को स्वायत्त प्राथमिक शिक्षा परिषदों का गठन करना चाहिए और उसे शिक्षा का विकास, अनुदान, पाठ्य-पुस्तकों के मूल्यांकन, शिक्षकों के प्रशिक्षण, शिक्षकों की नियुक्ति जैसे कार्य सौंपने चाहिए। बालिकाओं के लिए अलग प्राथमिक विद्यालय शुरू किए जाने चाहिए। मिल, कारखाने और बड़ी-बड़ी कंपनियों में बच्चे काम करते हैं और काम करना उन के परिवार को जरूर भी लगता है। ऐसी कंपनियों में बच्चों को पढ़ाने की सुविधा उपलब्ध कराई जानी चाहिए। मिल, कंपनियों और कारखानों पर दबाव डालकर प्राथमिक शिक्षा प्रारंभ करायी जानी चाहिए क्योंकि बच्चे काम करते हैं तो परिवार खा सकते हैं और काम छुड़वा देंगे तो परिवार भूखों मर जाएगा। कई परिवारों का अपना परंपरागत व्यवसाय होता है। अपना परंपरागत व्यवसाय सीखने के साथ साथ उनके बच्चों की पढ़ाई का भी प्रबंध होना चाहिए। स्कूल में परंपरागत व्यवसाय को बढ़ावा मिले। ऐसी प्रवृत्ति या ऐसा उत्पादक-श्रम शुरू करना चाहिए। दलित झोपड़-पट्टी में रहने वाले परिवारों को उसकी ओर जागरूक करना चाहिए ताकि वे अपने बच्चों को शाला में भेजें।

महोदय, चाइल्ड लेबर एक्शन नेटवर्क नामक एक गैर-सरकारी संगठन ने जो इस संबंध में सुझाव दिए हैं, वह सुझाव मैं आपके सामने रखना चाहती हूं। चाइल्ड लेबर एक्शन नेटवर्क नामक गैर-सरकारी संगठन ने एक कार्यशाला का आयोजन किया था। उस कार्यशाला का विषय था - "अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा हेतु सामाजिक समर्थन"। तीन दिन की इस कार्यशाला में देश के 110 गैर-सरकारी संगठनों ने हिस्सा लिया। इस संगठन ने सरकार के सामने कई सुझाव रखे हैं, जो मैं आपके सामने रखना चाहती हूं। संगठन का मानना है कि अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा का लागू करने के लिए समयबद्ध योजना की आवश्यकता है। पांच वर्ष की अवधि के भीतर प्राथमिक शिक्षा अनिवार्य करें। अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, जैसे

कि यूनिसेफ, यूनेस्को, अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन को भी अपील करना चाहिए कि वे इस कार्यक्रम में भारत सरकार की मदद करें। प्राथमिक शिक्षा को अनिवार्य बनाने के लिए राजनैतिक इच्छा-शक्ति की जरूरत है। भारत के राजनेता नहीं चाहते कि यहां की जनता साक्षर हो। इसलिए राजनेताओं पर सामाजिक दबाव लाना चाहिए। हरेक राजकीय पार्टी में महिला शाखा, अनुसूचित/अनुसूचित जनजाति शाखा होती है, उसी तरह अनिवार्य शिक्षा शाखा खोलें।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANATAN BISI): Madam, you kindly conlcude. You have spoken very nicely. The last point is the main and important point. Madam, you kindly conclude.

श्रीमती आनन्दीबेन जेठाभाई पटेल: सर, पांच मिनट में मैं खतम करूंगी।

ऐसी शाखाओं में कार्यकर्ताओं को प्राथमिक शिक्षा का महत्व बताया जाए। ऐसी शाखा की अध्यक्ष महिला होनी चाहिए। प्राथमिक शिक्षा के संदेश को घर घर पहुंचाना जरूरी है। इसमें उद्योगपतियों, वकीलों, डॉक्टरों, अध्यापकों, ट्रेड यूनियनों और महिला संगठनों को भी जोड़ना चाहिए। सब बच्चे प्राथमिक शिक्षा प्राप्त कर सकें, उसके लिए पर्याप्त धन होना चाहिए। नवीं पंचवर्षीय योजना में शिक्षा के लिए जितना धन आवंटित किया जाता है, इसमें से 50 परसेंट धन प्राथमिक शिक्षा के लिए होना चाहिए। सरकार बालिका प्राथमिक शिक्षा को प्रोत्साहित करने हेतु बालिका शिक्षा बॉण्ड जारी करे। इस योजना के अंतर्गत जो माता-पिता अपनी बच्चियों को पहली कक्षा में दाखिल करें, उन्हें 500/- रुपए का बॉण्ड दिया जाए। इस बॉण्ड के बदले लड़की की आयु 18 वर्ष पूरी होने पर 20,000/- रुपए दिए जाएं। यह लड़की को अपना भविष्य सुधारने हेतु 20,000/- रुपए की राशि मिलेगी, लेकिन यह तभी भुगतान होगी, जब इस लड़की ने अपनी प्राथमिक शिक्षा नियमित रूप से पूरी की हो। इस योजना को एक साल में लागू करना चाहिए। बालिका शिक्षा बॉण्ड का सबसे ज्यादा लाभ दलित की लड़कियों और मुस्लिम वर्ग की लड़कियों को होगा। चीन, जापान, जर्मनी जैसे देशों में प्राथमिक शिक्षा अनिवार्य है। माता-पिता अगर अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजते तो सरकार कानूनन कार्यवाही करती है। भारत सरकार को भी इस विषय में सख्ती करनी चाहिए। स्कूल जाने वाले बच्चों की संख्या में बढ़ोतरी के साथ-साथ देश में नए स्कूल बनाने, प्रशिक्षित अध्यापक नियुक्त करने, अच्छी किताबें और उसके उपकरण की सुविधा पर जोर देना चाहिए। देश के बजट का 6 प्रतिशत शिक्षा पर खर्च करना चाहिए और उसमें से 50 परसेंट इस बजट का प्राथमिक शिक्षा पर खर्च होना चाहिए। प्राथमिक शिक्षा सभी बच्चों के लिए निशुल्क और अनिवार्य करने के लिए जरूरी है कि तमाम राजनैतिक पार्टियां अपने मतभेद छोड़कर शिक्षा में बदलाव लाने के विचार विमर्श करें।

